एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दुल्हनिया सीरीज के तीसरे पार्ट में भी नजर आएंगे वरुण और आलिया?

आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी को दर्शकों ने हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया में काफी पसंद किया था। अब खबर है कि दोनों ऐक्टर्स इसके तीसरे पार्ट में नजर आ सकते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण और आलिया दोनों करण जौहर से मिलकर इस पर बात कर सकते हैं जिन्होंने पहली दो फिल्मों को प्रड्यूस किया था। दोनों ऐक्टर्स एकसाथ अभिषेक वर्मन की फिल्म कलंक में नजर आए थे जो कि बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर सकी थी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में बिजी हैं जिसमें वह श्रद्धा कपूर के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा कुली नं 1 के ऑफिशल रीमेक में भी सारा अली खान के साथ दिखेंगे।

वहीं, आलिया की झोली में कई इंट्रेस्टिंग फिल्में हैं। वह महेश भट्ट की सड़क 2, करण जौहर की तख्त, अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र, एसएस राजामौली की आरआरआर और संजय लीला भंसाली की इंशाअल्लाह में नजर आएंगी।

ऐसी पार्टियों से दूर रहती हूं: शर्लिन चोपड़ा

पिछले दिनों करण जौहर ने एक पार्टी रखी थी और इसमें कई बॉलिवुड सिलेब्रिटीज ने शिरकत की थी। इस पार्टी का एक विडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था और इस विडियो को देखकर एमएलए मनजिंदर सिरसा ने आरोप लगाया था कि सभी सिलेब्रिटीज ड्रग्स के नशे में थे। अब इस मुद्दे पर ऐक्ट्रेस और मॉडल शर्लिन चोपड़ा ने भी अपना पक्ष रखा है।

शर्लिन ने कहा, मैं खुद को ऐसी बॉलिवुड पार्टीज से खुद को दूर रखती हूं क्योंकि ऐसी पार्टियों के लिए मेरे पास खाली वक्त नहीं है। मैं काम में बिजी रहती हूं और ज्यादातर वक्त अपनी टीम के साथ बिताती हूं।

उन्होंने आगे कहा, शुक्र है कि मैं बॉलिवुड में किसी कैंप का हिस्सा नहीं हूं। जहां तक इन पार्टियों का सवाल है तो मुझे नहीं पता कि इन पार्टियों में क्या होता और वहां लोग आपस में क्या बात करते हैं या किसी नशे का सेवन करते हैं। चूंकि मैं हेल्थ और फिटनेस के फील्ड में हूं तो मैंने अक्टूबर 2017 में ही स्मोकिंग छोड़ दी थी और मैं ड्रग्स के सेवन के खिलाफ हूं।

बता दें कि सिरसा ने करण जौहर की पार्टी का विडियो शेयर कर ट्वीट किया था, उड़ता बॉलिवुड, फिक्शन वर्सेस रिऐलिटी। देखिए बॉलिवुड के लोग कैसे गर्व के साथ ड्रग की अवस्था में खुद को दर्शाते हैं।

मैं ड्रग अब्यूज के खिलाफ आवाज उठाता हूं। इस पार्टी में दीपिका पादुकोण, मलाइका अरोड़ा, अर्जुन कपूर, वरुण धवन, विकी कौशल, अयान मुखर्जी, शाहिद कपूर, रणबीर कपूर और मीरा राजपूत जैसे सितारे मौजूद थे।

एक नए नकारात्मक किरदार के साथ पवित्रा पुनिया की वापसी

टेलीविजन शो 'ये है मोहब्बतें' में नकारात्मक किरदार निभाने वाली अभिनेत्री पवित्रा पुनिया आगामी कार्यक्रम 'बालवीर रिटर्न्स' में एक बार फिर से एक नकारात्मक भूमिका निभाती नजर आएंगी।

पवित्रा इसमें तिमनासा का किरदार निभाती दिखेंगी जो काल लोक की एक तानाशाह है और जिसमें सत्ता की भूख है।

पवित्रा ने इस बारे में कहा, ''नकारात्मक किरदार निभाना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन मुझे खुशी है कि लोगों ने मुझे इस तरह के किरदारों में स्वीकारा है। हालांकि तिमनासा का किरदार निभाना मेरे लिए बिल्कुल भिन्न है चूंकि यह एक फंतासी कार्यक्रम है। मुझे मेरा लुक पसंद आया और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं जिसने पहले ही इतनी अधिक लोकप्रियता हासिल कर ली है और जिसे हर आयु वर्ग के दर्शकों का प्यार मिला है।''

'बालवीर रिटर्न्स' का प्रसारण सोनी सब पर होगा।